**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

**प्रेस- नोट**

**दिनांक- 16.06.2025**

**विषयः- "आपरेशन चक्रव्यूह" के तहत लंका पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान बाल अपचारी गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 02 बाइक बरामद ।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा कमिश्नरेट द्वारा अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे **"आपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत चेकिंग के दौरान दिनांक 16.06.2025 को लंका पुलिस टीम द्वारा रात्रि चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को पूछताछ हेतु रुकवाया गया। उक्त मोटरसाइकिल सवार से पूछताछ पर मोटरसाइकिल सवार के कब्जे से 02 मोटरसाइकिले बरामद हुई तथा व्यक्ति नाबालिग पाया गया। बरामद मोटरसाइकिलों की चोरी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पूर्व में अभियोग पंजीकृत है। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

**घटना विवरणः-**

थाना लंका पर पंजीकृत वाहन चोरी के अभियोगों के अनावरण के क्रम में माल मुल्जिमान की बरामदगी व गिरफ्तारी हेतु गठित पुलिस बल द्वारा "आपरेशन चक्रव्यूह" के तहत रात्रि चेकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध वाहन चालक को रोककर पूछताछ की गयी तो ज्ञात हुआ कि वाहन चालक द्वारा चलाया जा रहा वाहन चोरी का है। कड़ाई से पूछताछ पर एक अन्य वाहन उपरोक्त व्यक्ति के कब्जे से बरामद हुआ। पूछताछ से ज्ञात हुआ कि उपरोक्त बरामद वाहन चोरी के हैं जिनके सम्बन्ध में थाना लंका पर अभियोग पंजीकृत है तथा बाल अपचारी होने के कारण आरोपी को हिरासत पुलिस में लेकर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पंजीकृत अभियोग/ आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 0211/2025 धारा 303(2)/317(2) बी0एन0एस0 थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 0219/2025 धारा 303(2)/317(2) बी0एन0एस0 थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

**हिरासत में लिए जाने का दिनांक व घटनास्थल -** गिरफ्तारी का दिनांक 16.06.2025, लोटूबीर बाबा मन्दिर के पास खाली मैदान, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. उ0नि0 सौरभ कुमार, चौकी प्रभारी बी0एच0यू0, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 अमित शुक्ला, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 सूरज सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 कृष्णकांत पाण्डेय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

6. का0 पवन यादव, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी**